बाजार में बिक रहा नकली हार्पिक, हापुड़ में पकड़ी गई बड़ी खेप; पुलिस की छापामारी से दुकानदारों में मचा हड़कंप




**केशव त्यागी, हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में बुधवार को एक संयुक्त कार्रवाई में पुलिस और रेकिट बेंकाइजर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की अधिकृत जांच एजेंसी ने नकली हार्पिक उत्पादों की बिक्री करने वाले तीन दुकानदारों पर शिकंजा कसा। कुचेसर चोपला इलाके की तीन किराना दुकानों से कुल 130 से अधिक नकली हार्पिक की बोतलें बरामद की गईं।

इस कार्रवाई में दो दुकानदारों को हिरासत में लिया गया, जबकि एक दुकानदार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बाबूगढ़ प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि हार्पिक क्लीनर की मूल निर्माता रेकिट बेंकाइजर कंपनी ने नकली उत्पादों की बिक्री रोकने के लिए नोएडा स्थित सेमिता लीगल एडवोकेट एंड सलिसिटर को जांच का जिम्मा सौंपा था।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/hapur-city-fake-harpic-seized-in-hapur-two-shopkeepers-arrested-40045105.html?utm_source=homepage&utm_medium=uttar-pradesh&utm_campaign=hyperlocal